तापमान

अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 9 नवंबर 2025



13 देश की एकता और अखंडता के लिए आमदी से गांधी चौक..





14 छत्तीसगढ़ महतारी और छत्तीसगढ़ियों का अपमान...














## खबर संक्षेप

### शुक्लाभाठा में सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती आज

**मगरलोड।** ग्राम शुक्लाभाठा में सिन्हा समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती 9 नवंबर रविवार को मनाई जाएगी। सुबह 11 बजे ज्योति प्रज्ज्वलन एवं देव पूजन, 1 बजे कलश यात्रा , कथा पूजा, दोपहर 2 अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रूक्मणि सिन्हा उपाध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड होंगी। अध्यक्षता नरेश सिन्हा अध्यक्ष मंडलेश्वर तहसील सिन्हा समाज मगरलोड करेंगे। विशेष अतिथि पूनम साहू जनपद सदस्य, पलवंतीन यादव सरपंच शुक्लाभाठा, ललिता साहू पूर्व सरपंच होंगे।

### जहर सेवन से नाबालिग की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक नाबालिग ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार समीपस्थ ग्राम पुरूर निवासी डागेश्वर सोरी पिता फागूराम उम्र 16 वर्ष को उसके माता-पिता के निधन हो जाने के बाद चाचा गोवर्धन सोरी ने अपने पास रखा था। चाचा पत्थर का सील बेचने का काम करता है। शुक्रवार को गोवर्धन अपने भतीजा डागेश्वर के साथ सील बेचने ग्राम बिरगुड़ी गया था। डागेश्वर गांव में फेरी लगाकर सील बेचकर अपने चाचा के पास पहुंच जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। उसके बाद वह उल्टी करने लगा। जहर सेवन करने का कारण पूछने पर युवक ने कुछ नहीं बताया। गंभीर हालत को देख उसे बिरगुड़ी से उपचार के लिए नगरी अस्पताल लाया गया। जहां से रिफर करने पर रात्रि में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### कुरूद से धमतरी तक रेललाइन का काम तेजी से जारी

# धमतरी टू रायपुर रेल का सफर 22 जनवरी से संभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की महत्वाकांक्षी परियोजना धमतरी टू रायपुर रेललाइन का सफर जनवरी माह से शुरु हो जाएगा। साल 2012 में कम्पोजिट प्रोजेक्ट के लिए 1510 करोड़ स्वीकृत हुए थे। इस प्रोजेक्ट के तहत मंदिरहसौद, नवा रायपुर, अभनपुर, केंद्री और राजिम तक रेललाइन का विस्तार हो चुका है। इन जगहों पर यात्री ट्रेन सफर का लाभ ले रहे हैं। यही रेललाइन अभनपुर से धमतरी तक आएगी जिसका काम दिसंबर 2025 तक पूरा हो जाएगा। रायपुर रेल मंडल ने संभावित तिथि 22 जनवरी जारी की है। इस दिन ट्रेन धमतरी तक



चलने की संभावना जताई जा रही है।

रायपुर रेल मंडल के एसडीसीएम अवधेश द्विवेदी ने बताया कि धमतरी रेललाइन का काम काफी तेजी से चल रहा है। दिसंबर 2025 तक काम पूरा कर लिया जाएगा। शुरुआती फेस में जमीन और कुछ मामलों को लेकर परेशानी थी, जिसे दूर कर लिया गया है। 22 जनवरी तक संभावना है कि धमतरी तक ट्रेन दौड़ने लगेगी। रेलवे ट्रैक के अधिकांश काम पूरे कर लिए गए हैं। धमतरी स्टेशन पर स्टेशन बिल्डिंग का काम लगभग अंतिम चरण पर है। धमतरी गुड्स शेड का काम अभी अधूरा है। इस काम को पूरा करने के लिए दिसंबर 2025 तक का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि रेलवे को उम्मीद है कि दिसंबर 2025 तक काम पूरा कर लिया जाएगा।

रेलवे अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी में एक लूप लाइन के साथ दो प्लेटफार्म भी बनाए जाएंगे। वर्तमान में केंद्री से अभनपुर के बीच रेल का दो शिफ्ट में परिचालन हो रहा है। अभनपुर से कुरूद के बीच ट्रायल होने के बाद इस रूट में जल्द रेल का परिचालन शुरु हो सकेगा। बिजली लाइन, स्टेशन निर्माण आदि का कार्य तेजी से चल रहा है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी रायपुर रेल सुविधा जनवरी के अंतिम सप्ताह से शुरु होने की संभावना है। ट्रेन धमतरी-रायपुर अप-डाउन करेगी। यात्री ट्रेन में 7 से 8 बोगी होगी। गुड्स के लिए अलग ट्रेन चलेगी। इसका रेक पाइंट धमतरी में ही बनेगा। यहां वनोपज, फर्टिलाइजर, राइस मिल की अधिकता है। कुरूद-धमतरी के बीच बड़ी रेललाइन के लिए 47 पुल का निर्माण किया जा चुका है।

### आवास नहीं सिर्फ खाली जगह चाहिए



धमतरी स्टेशनपारा में सालों की कानूनी लड़ाई के बाद करीब 275 परिवार अपना कब्जा छोड़ चले गए हैं। कई परिवार निगम द्वारा बनाए गए अधूरे कम्पोजिट पीएम आवास में जैसे-तैसे गुजारा कर रहे है। वहीं अनेक परिवार अपने गृहग्राम तथा कई किराये के मकान में जीवन बसर कर रहे हैं। इसके अलावा स्टेशनपारा में करीब 70 देवार परिवार बसते हैं। रेलवे ने उन्हें वहां से हटने का फरमान जारी कर दिया है। शनिवार को यह संवाददाता जब देवार बस्ती पहुंचा तो यहां का नजारा ही अलग था। मिट्टी और लकड़ी के बत्तों से बनी झोपड़ी में लोग दयनीय जीवन जी रहे हैं। सुअर पालन और कचरों के ढेर से मिलने वाली चीजों को बेचकर अपना जीवन चला रहे है। उन्हें रेलवे के फरमान से अपनी टूटी-फूटी झोपड़ियों से बेदखल होने का खूब मलाल है। उन्हें देखकर सब कन्नी काट लेते हैं। वार्ड के जनप्रतिनिधि पुरानी मंडी में चले जाने को कहते हैं लेकिन पुरानी मंडी में रहने के लिए लिखित में कोई नहीं दे रहा है। देवारों का कहना है कि उन्हें आवास नहीं चाहिए, कहीं भी खाली जमीन मिल जाए , वे वहां अपना बसर कर लेंगे।

## शहर के ह्दय स्थल में शिक्षिका हुई लूट की शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में चाकूबाजी, चोरी, लूट की घटना आम बात हो गई है। अपराधियों में अब पुलिस और कानून का खौफ नहीं रहा। इसी कड़ी में शुक्रवार को एक शिक्षिका शहर के ह्दय स्थल पर लूट का शिकार हो गई।

हाउसिंग बोर्ड कालोनी हटकेशर निवासी शिक्षिका किरण धमगाय ने बताया कि घटना शुक्रवार शाम 7 बजे की है। वह मकई चौक स्थित पेट्रोल पंप के सामने डॉ. हीरा महावर के पास इलाज कराने के लिए जा रही थी। अठवानी गली के पास वह अपनी स्कूटी खड़ी कर डॉक्टर के क्लिनिक की ओर जा रही थी तभी मुख्य मार्ग पर दो युवक तेज मोटरसाइकिल चलाते हुए उसके



पर्स को लूटकर भाग गए। एकाएक हुई इस घटना से वह पूरी तरह से घबरा गई। जैसे-तैसे अपने आपको संभालकर परिजनों को मोबाइल पर इसकी जानकारी दी। परिजनों के साथ कोतवाली थाना जाकर लिखित शिकायत की है। शाम को हुई अकस्मात घटना से वह बाइक और बाइक सवारों को ठीक से देख भी नहीं पाई। किरण ने बताया कि उनके पर्स में 2500 नकद, एटीएम कार्ड तथा ड्राइविंग लायसेंस समेत अन्य कागजात है।

## महिला ने किया अग्निस्नान, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीमारी से परेशान एक अधेड़ महिला ने अपने ऊपर मिट्टी तेल डाल आग लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम भटगांव निवासी राधाबाई साहू पिता चैतराम उम्र 45 वर्ष शारीरिक व मानसिक बीमारी से पीड़ित थी। बीमारी के चलते महिला ने शुक्रवार की देर रात्रि घर के पीछे स्थित बाड़ी में जाकर अपने उपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली। इस घटना में पूरी तरह झुलस जाने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर रूद्री पुलिस शनिवार को घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर वरदान एम्बुलेंस को सूचना दी। संस्था के शिवा प्रधान ने शव को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी पहुंचाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### कुरूद ब्लाक के हायर सेकण्डरी स्कूल बगदेही की घटना

## पढ़ाई के दौरान अचानक चिल्लाने लगी दो छात्राएं, करने लगी अजीब हरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कक्षा में पढ़ाई करते समय दो छात्राएं अचानक चीखने-चिल्लाने लगी। साथ ही अजीबोगरीब हरकतें करने लगी। छात्राओं को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार आया है।

मिली जानकारी के अनुसार कुरूद ब्लाक के हायर सेकण्डरी स्कूल बगदेही में शुक्रवार के दौरान हैरान कर देने वाली घटना घटी है। रोजाना की तरह शुक्रवार को भी ग्राम भेण्डरवानी व बगदेही की कक्षा 9वीं व 10वीं की छात्राएं स्कूल गई थी। कक्षा में पढ़ाई चल रही थी। इसी दौरान कक्षा 10वीं की एक छात्रा पढ़ते-पढ़ते अचानक टेबल में रखी अपनी पुस्तक व कापी को जमीन पर फेंक दिया।



इसके बाद छात्रा ने जोर-जोर से रोना शुरू कर दिया। चीखने-चिल्लाने लगी। इस घटना के तुरंत बाद 9वीं की एक छात्रा भी इसी तरह की अजीबोगरीब हरकतें करते हुए चीखने लगी। दो छात्राओं की इस अजीबोगरीब हरकत से स्कूल में हड़कम्प मच गया। घटना की जानकारी होने पर स्कूल के प्राचार्य ने छात्राओं के परिजनों को स्कूल बुलाया। अर्जुनी लोकेशन की संजीवनी 108 को सूचित किया। एम्बुलेंस के पहुंचने पर स्कूल के शिक्षक व परिजन छात्राओं को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे। छात्राओं को वार्ड में भर्ती कर इलाज किया गया। त्वरित चिकित्सा मिल जाने से कुछ देर बाद छात्राओं के स्वास्थ्य में सुधार आ गया। इस घटना के एक दिन पहले भी गुरूवार को कक्षा में 10वीं की छात्रा ने इसी तरह की अजीबोगरीब हरकत की थी। स्कूल में छात्राओं के साथ हो रही इस तरह की हैरान करने वाली घटना को देख अन्य छात्र-छात्राएं भी दहशत में हैं। वहीं पालक भी चिंतित हैं। स्कूल में हो रही इस तरह की घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया

बगदेही स्कूल के शिक्षक ने मीडिया को बताया कि 9वीं व 10वीं कक्षा की बालिकाओं की अचानक तबीयत खराब हो गई। मैडम पढ़ा रही थी। इसी दौरान छात्राएं चिल्लाने लगी। टेबल-कुर्सी को इधर-उधर कर दिया। यह देख बाकी बच्चे कक्षा से बाहर निकल गए। सूचना मिलते ही स्कूल के टीचर्स भी आ गए। उनके पालकों को बुलाया गया। तबीयत ज्यादा खराब होने पर संजीवनी 108 को बुलाकर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। बच्चियां बातचीत कर रही हैं।

### विशेष ग्रामसभा की मांग, ग्राम सभा के प्रस्ताव का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई का निर्णय

# फसल चक्र परिवर्तन के लिए किसानों ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस साल खपरी, भानपुरी, अर्जुनी, कुरूद के गाड़ाडीह, मगरलोड के धौराभाठा सहित कई गांवों में शत - प्रतिशत फसल चक्र परिवर्तन की लहर है। इसके लिए ग्रामीणों ने कलेक्टर से विशेष ग्रामसभा के लिए अनुमति मांगी है। इस ग्रामसभा में पूरे गांव में चना, गेहूं, सूरजमुखी जैसी फसल लगाने का प्रस्ताव पारित किया जाएगा और जो किसान ग्रामसभा के खिलाफ जाएगा, उस पर कार्रवाई भी की जाएगी।

लगातार धान के बाद धान की फसल लेने से जमीन की सेहत बिगड़ रही है। इसका दुष्परिणाम भी सामने आने लगा है। धमतरी के आसपास एक नहीं दर्जन भर से ज्यादा गांवों में सोखन की समस्या है। इन गांवों के खेतों में पानी ठहर ही नहीं रहा है। वहीं जिले का वाटर लेवल भी


शेष पेज 12 पर






### विशेष ग्रामसभा में होगा प्रस्ताव

शनिवार को डीडीए मोनेश साहू, एफएल पटेल, भाग्यश्री गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने ग्राम खपरी में किसानों की बैठक ली, जिसमें अर्जुनी, भानपुरी के किसान भी शामिल हुए। इस बैठक में किसानों को फसल चक्र परिवर्तन की सलाह दी गई। किसानों ने बताया कि पिछले साल भी फसल चक्र परिवर्तन की लहर चली थी। उस समय हुई बैठक में बड़ी संख्या में किसान चना लगाने के लिए तैयार हो गए और इसके लिए तैयारी भी कर ली थी, लेकिन गांव के कुछ किसानों ने धान लगाने की ठान ली, जिसके चलते फसल चक्र परिवर्तन फेल हो गया। किसानों में दो फाड़ की स्थिति बन गई थी। खपरी सरपंच रामरोशन ध्रुव ने शत- प्रतिशत फसल चक्र परिवर्तन के लक्ष्य पर फोकस करते हुए इस साल फसल चक्र परिवर्तन को लेकर विशेष ग्रामसभा की अनुमति मांगी। इस ग्रामसभा में पूरे गांव में चना, गेहूं जैसी फसल लगाने का प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

### ग्रामसभा के खिलाफ जाने पर कटेगी बिजली

चने की फसल पानी के प्रति काफी संवेदनशील होती है। चने के खेत के अगल-बगल वाले खेत में धान लगाया जाता है तो पानी के सीपेज से चने की फसल को नुकसान होता है। पिछले साल इस समस्या को देखते हुए फसल चक्र परिवर्तन सफल नहीं हो पाया था। इस साल किसानों ने निर्णय लिया है कि जो किसान ग्रामसभा के प्रस्ताव के विपरीत धान की फसल लगाता है तो उसके मोटरपंप की बिजली कटवाने के लिए गांव के सभी किसान एकजुट होंगे। इसके लिए विद्युत विभाग को पत्र लिखा जाएगा। विशेष ग्राम सभा में इस निर्णय को मूर्त रूप दिया जाएगा।

### समितियों में पर्याप्त बीज की व्यवस्था

फसल चक्र परिवर्तन को प्रोत्साहन देने जिले की 39 प्राथमिक साख सहकारी समितियों में बीजों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। वर्तमान में 32.10 क्विंटल गेहूं, 296.70 क्विंटल चना, 22.10 क्विंटल तिवड़ा तथा 52 क्विंटल सरसों के बीज उपलब्ध हैं। कृषि विभाग द्वारा प्रदर्शन के लिए बीज वितरित किया जा रहा है। शनिवार को ग्राम खपरी के अतिरिक्त कुरूद ब्लाक के ग्राम पंचायत गाडाडीह आर और मगरलोड ब्लाक के पंचायत कुंडेल, धौराभाठा में फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में किसानों की बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों में किसानों को चना बीज का वितरण भी किया गया।

### हर ब्लाक के 10 गांवों में शत-प्रतिशत फसल चक्र परिवर्तन का लक्ष्य

धमतरी जिले में कुल 1,58,180 कृषक हैं, जो कृषि व्यवस्था की रीढ़ हैं। जिले में मुख्य सिंचाई साधन नहर है, किन्तु लगभग 30,000 नलकूपों से भूमिगत जल का उपयोग भी किया जाता है। इससे जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इस गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा किसानों के बीच जल संरक्षण को बढ़ावा देने एवं फसल चक्र परिवर्तन को अपनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कृषि विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी अमले की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक विकासखंड के कम से कम 10 गांवों में शत-प्रतिशत फसल चक्र परिवर्तन सुनिश्चित किया जाए।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

### कमजोर छात्रों के लिए लगेगी अलग से क्लास

# मिशन अव्वल : जिले को बनाना है शिक्षा में अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और परीक्षा परिणामों में सुधार को लेकर अब प्रशासन पूरी तरह गंभीर हो गया है। शिक्षा विभाग ने जिलेभर के स्कूल प्राचार्यों की बैठक लेकर आगामी परीक्षाओं की तैयारी और परिणामों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अब हर स्कूल को लक्ष्य तय कर कार्य करना होगा, ताकि आने




वाली बोर्ड परीक्षाओं में धमतरी जिला अव्वल स्थान प्राप्त करे।

'मिशन अव्वल' के तहत कक्षा 10वीं और 12वीं की त्रैमासिक परीक्षा के परिणामों की समीक्षा हुई। परीक्षा परिणामों में गुणात्मक सुधार लाने के लिए योजनाबद्ध और समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। स्कूलवार विश्लेषण कर यह पता लगाया जाए कि किन विषयों में विद्यार्थी कमजोर हैं और उनके लिए अलग से विशेष कक्षाएं लगाई जाएं। साथ ही मेधावी छात्रों के लिए मेरिट लक्ष्य समूह तैयार कर उच्चस्तरीय तैयारी कराई जाए।

### हर शिक्षक को जिम्मेदारी से काम करना होगा

शिक्षा का परिणाम सुधारना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसके लिए प्रत्येक शिक्षक और प्राचार्य को जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ काम करना होगा। किसी भी विद्यालय में लापरवाही या अनुशासनहीनता पाई गई तो संबंधित शिक्षक या प्राचार्य पर कार्रवाई होगी । जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, वहां अन्य शिक्षकों को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

### स्कूलों में सृजनात्मक गतिविधियां और तकनीकी उपयोग पर जोर

पढ़ाई को रोचक बनाने के लिए विद्यालयों में सृजनात्मक और सहभागितापूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया जाए, ताकि विद्यार्थी अध्ययन से जुड़ाव महसूस करें। प्रत्येक स्कूल में स्मार्ट बोर्ड का प्रभावी उपयोग करने और कंप्यूटर लैब की स्थापना को लेकर भी कहा गया है। जल्द ही सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों में कंप्यूटर लैब की सुविधा उपलब्ध हो।

### एलुमिनी मीट और उपस्थिति पर निर्देश

सभी स्कूलों को एलुमिनी मीट (पूर्व छात्र सम्मेलन) अनिवार्य रूप से आयोजित करना है, ताकि पुराने विद्यार्थी अपने अनुभव साझा कर वर्तमान छात्रों को मार्गदर्शन दे सकें। कोई भी शिक्षक या प्राचार्य अवकाश पर जाने से पहले वरिष्ठ अधिकारी को सूचना दें। फरवरी माह तक अवकाश स्वीकृत न करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष परिस्थिति में समिति विचार कर निर्णय लेगी।

# शहर मंडल ने आमदी मंडल को हराया



- नए बॉक्स क्रिकेट मैदान में हुआ फ्रेंडली क्रिकेट मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आमदी मंडल और शहर मंडल के बीच रोमांचक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने टॉस करवाकर मैच का शुभारंभ किया। आमदी मंडल की टीम की कमान अध्यक्ष विनय जैन ने संभाली, वहीं शहर मंडल की ओर से महामंत्री गौरव मगर ने कप्तानी की। यह मैच 7-7 ओवर का रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर मंडल की टीम ने विजय प्राप्त की। शहर मंडल की ओर से गौरव मगर कप्तान, अखिलेश सोनकर, मिथिलेश सिन्हा, शुभम जायसवाल, अतुल साहू, आकाश भोजवानी और वेद ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं आमदी मंडल की टीम में विनय जैन कप्तान, अविनाश दुबे, लोकेश टंडन, संजय देवांगन, विशाल त्रिवेदी, ओमेश यादव और राघवेंद्र साहू शामिल रहे। मुकाबला नए बॉक्स क्रिकेट मैदान में खेला गया, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। मैच के दौरान दोनों टीमों ने उम्दा खेल और खेल भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि इस प्रकार का फ्रेंडली मैच संगठन के बीच आपसी एकता, सहयोग और भाईचारे को मजबूत करता है। खेल न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम है, बल्कि टीम भावना और अनुशासन सिखाने का भी श्रेष्ठ साधन है।

# जय गड़भेड़ा बाबा विकास समिति के पदाधिकारियों का पुनर्गठन



- रामनाथ बनाए गए अध्यक्ष, मेले की तैयारी पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिर्री के गड़भेड़ा बाबा मंदिर में मेले की तैयारी और नए पदाधिकारियों के पुर्नगठन को लेकर 6 नवंबर को बैठक हुई। ग्राम सिर्री के अराध्य देवता गड़भेड़ा बाबा के विकास समिति के पदाधिकारियों का पुनर्गठन किया गया। साथ ही आगामी छेरछेरा पूर्णिमा के दिन होने वाले विशाल मेले की तैयारी में जुटने के लिए गुरूवार को बैठक आयोजित की गई।



रामनाथ शर्मा

बैठक में मेले की रुपरेखा तैयार की गई। तत्पश्चात गड़भेड़ा बाबा के विकास के लिए बनी जय गड़भेड़ा बाबा विकास समिति के नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। सिर्री के रामनाथ शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं लक्ष्य कुमार साहू को सचिव और कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव, उपाध्यक्ष नारायण साहू, सहसचिव गुमान साहू को बनाया। अध्यक्ष रामनाथ शर्मा ने बताया कि ग्राम प्रमुखों सहित अन्य ग्रामीणों को समिति के संरक्षक के पद पर सुशोभित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### लोक नर्तक दलों की स्पर्धा 12 से

**धमतरी।** शहीद वीरनारायण सिंह स्मृति लोककला महोत्सव 2025-26 का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजन किया जाना है। इसके लिए जिले में निवासरत आदिवासी लोक नर्तक दलों से 11 नवम्बर तक कार्यालयीन समय में प्रविष्टियां मंगाई गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि नियत तिथि तक अपनी प्रतिष्टियां निर्धारित प्रपत्र में आदिवासी विकास विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। लोक नर्तक दलों के मध्य 12 से 14 नवम्बर तक प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया किया जायेगा जिसमें से 1 दल का चयन कर 18 नवम्बर को आयोजित राज्य स्तरीय शहीद वीरनारायण सिंह स्मृति लोककला महोत्सव जिला अंबिकापुर में भाग लेने के लिए भेजा जायेगा।

# नारी स्कूल के निलंबित शिक्षक की बहाली की उठ रही मांग

- अपनी नाकामियों को छिपाने सरकार ने यह कारवाई की : तारिणी चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

जिले में स्कूल के हालात का स्टेटस लगाना एक शिक्षक के लिए निलंबन का कारण बन गया। स्टेटस में वे बच्चों की पीड़ा को लेकर शासन-प्रशासन को कोस रहे थे। पुस्तक नहीं मिलने की परेशानी बयां कर रहे थे। इसी बीच शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलने वाले शिक्षक ढालूराम साहू को जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल निलंबित कर दिया।

यह पूरा मामला कुरूद ब्लाक अंतर्गत शासकीय नवीन प्राथमिक शाला नारी की है। जिला शिक्षा अधिकारी इसे सिविल सेवा आचरण का उल्लंघन बता रहे हैं।




### स्टेटस में यह लिखा था

नवीन प्राथमिक विद्यालय नारी के शिक्षक ढालूराम साहू ने लिखा था कि बच्चों की शिक्षा व्यवस्था ठप और हम चले राज्योत्सव मनाने, क्या हम राज्योत्सव मनाने लायक हैं? हमारे जनप्रतिनिधियों को ये सब नहीं दिखता? जहां खाने-पीने को मिले, वहीं पर काम करते हैं। जब तक बच्चों को पूरी पुस्तकें नहीं मिल जाती, सहायक शिक्षक से लेकर कलेक्टर और शिक्षा मंत्री तक का वेतन रोक देना चाहिए।

### अभिव्यक्ति पर अंकुश लगा रहा शासन

शिक्षक ढालूराम साहू ने बताया कि मुझे अंदाजा था कि मैं उच्च अधिकारियों के बारे में लिख रहा हूं, तो एक्शन हो सकता है। स्टेटस डालकर किसी को तकलीफ देना मेरा उद्देश्य नहीं था। मुझसे निलंबन से पहले स्पष्टीकरण मांगा गया था। मैंने स्पष्टीकरण दिया फिर भी मुझे निलंबित कर दिया गया। अभिव्यक्ति पर शासन अंकुश लगा रहा है।

### निलंबित शिक्षक को तत्काल बहाल करें



नारी के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) ढालूराम साहू ने स्टेटस के माध्यम से पुस्तक नहीं होने की बात पर टिप्पणी की थी जिसके बाद शिक्षक को डीईओ धमतरी द्वारा निलंबित कर दिया गया। प्रदेश कांग्रेस सचिव तारिणी चन्द्राकर ने बयान जारी कर कहा कि शिक्षक ढालूराम साहू ने जिस मुद्दे पर स्टेटस रखा वह कोई गलत नहीं है। डीईओ की जिम्मेदारी बनती है कि जिले के प्रत्येक स्कूल के सभी बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध हो। सरकार बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध नहीं करा पा रही है तो बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा कहां से मिल पाएगी। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए शिक्षक को निलंबित किया गया है। यह सिर्फ धमतरी जिले की बात नही बल्कि पूरे प्रदेश में यही स्थिति है। पुस्तक नहीं होने से शिक्षक को पढ़ाने में परेशानी हो रही है। जिले में स्कूल भवनों की हालत खराब है। श्रीमती चन्द्राकर ने निलंबित शिक्षक को तत्काल बहाल करने के साथ ही बच्चों को तुरंत पुस्तक उपलब्ध कराने की मांग की है।

### शासकीय सेवा के आचरण के खिलाफ

इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने कहा कि शासकीय सेवा में रहते हुए शिक्षक ने शासन के खिलाफ पोस्ट डाली है, जो शासकीय सेवा के आचरण के खिलाफ है। पहले किताबों की कमी लिखी थी लेकिन बाद में शासन की ओर से उसकी पूर्ति कर ली गई है। अगर अभी कमी है तो नारी स्कूल में परीक्षण करवाया जाएगा।

- अभय जायसवाल, *जिला शिक्षा अधिकारी*

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर बनाई मानव श्रृंखला



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य नीरज सोन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। प्रतिभागियों ने एकता, अखंडता एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

इस अवसर पर व्याख्याता निरुपमा श्रीमाली, किरण, लोमश कुमार पटेल, यशपाल साहू, प्रेमलाल ध्रुव, अरविंद सोम, रेणु सोम, अंजना लावत्रे, ऋषिकेश साहू, शिल्पा मानिकपुरी, पारुल बिसेन, त्रिवेणी सूर्यवंशी, गीतिका निषाद, आरती निषाद, नीलम साहू, टिकेश साहू, त्रिलोक कपूर ध्रुव, भगवती ध्रुव, ललिता निषाद, भरत चनाप सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### फसल चक्र परिवर्तन के लिए किसानों ने कसी...

लगातार घट रहा है। इन सब समस्याओं को देखते हुए जिला प्रशासन पिछले दो साल से फसल चक्र परिवर्तन पर जोर दे रहा है। पिछले साल कई गांवों में बड़ी संख्या में किसानों ने फसल चक्र परिवर्तन की राह पकड़ ली थी। इस साल इन गांवों में शत -प्रतिशत फसल चक्र परिवर्तन का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए कृषि विभाग के अधिकारियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। गांव-गांव अभियान चलाकर किसानों को इस गर्मी में चना, उड़द, मूंग, गेहूं, मक्का जैसी उन्हारी फसल लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अब तक करीब 10 गांवों में अधिकारियों ने बैठक ली। कुछ गांवों में फसल चक्र का विरोध हुआ, लेकिन अधिकांश गांवों में इस अभियान को अच्छा रिस्पांस मिला।


# धान कटाई-मिंजाई के दौरान आंखों की सुरक्षा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

इन दिनों प्रदेशभर में धान कटाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। खेतों में काम कर रहे किसानों को इस दौरान आंखों की सुरक्षा को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि धान की बाली से आंखों को स्थायी नुकसान पहुंच सकता है। अगर धान कटाई मिंजाई के दौरान आंखों में कचरा-धूल मिट्टी घुस जाये तो तत्काल नेत्र रोग चिकित्सक से संपर्क करें।

सिविल अस्पताल कुरुद में पदस्थ ब्लाक नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ. क्षितिज साहू ने बताया कि धान की कटाई के दौरान अक्सर बाली आंख में लग जाती है, जिससे आंख की सतह (कॉर्निया) पर चोट पहुंचती है। ऐसी स्थिति में कई किसान बिना परामर्श के मेडिकल दुकानों से सस्ती और गलत स्टेरॉयड आई ड्रॉप खरीदकर लगा लेते हैं। इससे फंगल कॉर्नियल अल्सर हो जाता है, जिसके कारण आंख पर स्थायी सफेदी (धब्बा) आ जाती है और दृष्टि प्रभावित होती है।

ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमराज देवांगन ने कहा कि यदि धान की बाली आंख में लग जाए तो स्वयं दवा का प्रयोग न करें। तुरंत नेत्र चिकित्सक से परामर्श लेकर उचित उपचार कराएं। चिकित्सक द्वारा दी गई दवा या ड्रॉप लगाने से आंख पूरी तरह सुरक्षित रखी जा सकती है और गंभीर नुकसान से बचाव संभव है। विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि धान कटाई के दौरान सुरक्षात्मक चश्मा पहनें, ताकि इस तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।



सस्ती और गलत स्टेरॉयड आई ड्रॉप न लगाएं : डॉ. क्षितिज

### 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाकर किया जा रहा सत्यापन

# कर्मचारी घर-घर जाकर कर रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को शुद्ध बनाने मतदाताओं का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी है, जिसके तहत 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाकर मतदाता व उनकी संतानों का सत्यापन किया जा रहा है। 2003 की सूची में नाम न होने पर कुछ आवश्यक दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, साथ ही प्रत्येक मतदाता को अपना एक पासपोर्ट आकार की फोटो भी संबंधित बीएलओ को देना होगा। गहन सर्वेक्षण के साथ-साथ मृत मतदाता का नाम विलोपित करने तथा नये मतदाता का नाम जोड़ने का भी काम किया जा रहा है। अब यह काम गांव-गांव के घर-घर में दिखने लगा है जहां निर्वाचन आयोग के कर्मचारी मतदाता गणना पत्रक वितरित कर जानकारी भरवाने और आवश्यक दस्तावेज लेने में तैनात नजर आ रहे हैं।





कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर कुरुद 57 के रिटर्निंग अफसर व कुरूद एसडीएम नभसिंग कोसले, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कुरुद तहसीलदार दुर्गा साहू के सतत निर्देशन में उनके निर्वाचन सुपरवाइसर पटवारी व संकुल समन्वयक, बीएलओ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य मैदानी कर्मचारी घर घर-घर जाकर गहन मतदाता पुनरीक्षण का काम कर रहे हैं।

अंचल के ग्राम डांडेसरा, भालूझुलन, कन्हारपुरी, चर्रा, चोरभट्टी, भुसरेंगा में यह कार्य जोरों पर है। इस कार्य में डांडेसरा क्षेत्र के सुपरवाइजर पटवारी वीरेन्द्र बैस, बीएलओ तीजन साहू, अम्बिका ध्रुव, विष्णु साहू, टिकेश्वर साहू, सीमा मेश्राम, प्रमिला कंवर, गीतांजलि साहू, गायत्री बैस, हुलेश्वरी ध्रुव, सरस्वती लहरे सहित सभी ग्राम कोटवार व रोजगार सहायक जुटे हैं।

### आमदी महाविद्यालय के रासेयो इकाई ने मनाई लौहपुरुष की जयंती

# सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत की नींव रखी : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्री पटेल के जीवन, आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम श्रृंखला में 'सरदार पटेल : एकीकृत भारत के निर्माता' विषय पर निबंध प्रतियोगिता, विश्व विधता में एकता : भारत की सबसे बड़ी शक्ति और चुनौती दोनों विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा एकता में शक्ति : आज के युवाओं के लिए पटेल का



संदेश पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि एकता भारत की आत्मा है। सरदार पटेल ने न केवल स्वतंत्र भारत की नींव रखी, बल्कि उन्होंने यह भी दिखाया कि विविधताओं से भरे देश को संगठित करना दृढ़ इच्छा शक्ति और अटूट निष्ठा से ही संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल की दृढ़ता, संगठन क्षमता और सेवा भावना को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### राष्ट्र की नींव के पत्थर थे

मुख्य वक्ता तरुण बैनर्जी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान ने सरदार पटेल के जीवन संघर्ष, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका तथा राष्ट्रीय एकीकरण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। सरदार पटेल ने किसानों को संगठित कर अंग्रेजी शासन के विरुद्ध जन आंदोलन खड़ा किया। सरदार पटेल राष्ट्र की नींव के पत्थर थे, जिन्होंने एक भारत की संकल्पना को साकार किया। सरदार पटेल का जीवन दृढ़ संकल्प, निष्ठा और कर्मशीलता का प्रतीक है, जिससे आज के युवा अपने जीवन में प्रेरणा ले सकते हैं।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेशकुमार, मन्नूलाल साहू, डॉ.उपमा तथा स्वयंसेवकों साहिल, केमेन्द्र, इन्द्रमन, योगिता, डुमेश्वरी, हिमांशु, दिव्या, प्राची, रेणुका, योगिता, विभा, डेमिन का योगदान रहा।

### निबंध प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम



निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों के माध्यम से सरदार पटेल के आदर्शों को अभिव्यक्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर, वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम सत्यम बीएससी तृतीय सेमेस्टर व विपक्ष में प्रथम संगीता बीएससी तृतीय सेमेस्टर रही। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ने किया।

# बुजुर्गों से जीवन के अनुभवों के बारे में जाना



- केपीएस के छात्रों ने किया वृद्धाश्रम रुद्री का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

केपीएस के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम रुद्री का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में करुणा, देखभाल और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना को विकसित करना था। भ्रमण के दौरान बच्चों ने वहां के बुजुर्गों से बातचीत की और उनकी दैनिक दिनचर्या तथा जीवन के अनुभवों के बारे में जाना। बुजुर्गों ने अपने जीवन की कहानियां और सीख बच्चों के साथ साझा कीं, जिससे विद्यार्थी बहुत प्रभावित हुए।

बच्चों ने वहां भजन कार्यक्रम में भी भाग लिया और सबने मिलकर भक्ति गीत गाए। इस दौरान बच्चों को दयालुता, सम्मान, सहानुभूति और करुणा जैसी मानवीय मूल्यों को समझने का अवसर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या पूजा सिंह, उप-प्राचार्या सुप्रिया मेश्राम तथा सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## खबर संक्षेप

### सड़कों की मरम्मत के लिए 362 लाख की मिली मंजूरी

**भानुप्रतापपुर।** लोक निर्माण विभाग भानुप्रतापपुर को बड़ी सौगात मिली है। विभाग को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 11 मार्गों की कुल 175.50 किमी़ लंबाई के बीटी पेंच मरम्मत कार्यों के लिए 362.22 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि प्रमुख मार्गों को प्राथमिकता पर लेकर मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर (राज्य मार्ग क्रमांक 06) पर बीटी पेंच मरम्मत कार्य तेजी से जारी है। विभाग का लक्ष्य दिसंबर 2025 तक सभी स्वीकृत मार्गों के मरम्मत कार्य पूर्ण करने का है।

### सार्वजनिक शराबखोरी 3 को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने 7 नवंबर को छापामार कार्यवाही करते हुए तीन शराबियों को आम रास्ते में शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपी पीव्ही 30 निवासी सबल मंडल को योगेंद्र नगर में सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते पकड़ा। आरोपी पीव्ही 30 निवासी संजीत विश्वास को पीव्ही 55 के पास और मटली चौक पखांजुर निवासी बृजलाल प्रजापति को पीव्ही 55 में सार्विजनक स्थल पर शराब सेवन करते हुए पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत पिपरौद निवासी 29 वर्षीय लोकेश्वर साहू ने अपने घर में सिलिंग पंखा से लटकर जान दे दी। बालोद जिला पुरूर निवासी 45 वर्षीय सूरज साहू ने पुलिस को बताया कि मृतक 7 नवंबर को अपने घर के कमरे में लगे सिलिंग पंखा में कपड़ा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या क्यो किया, यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नदी में डूबने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत ग्राम बाला निवासी मनकु राम पुड़ो नदी के गहरे पानी में डूब कया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुड़ोपारा बाला निवासी सनकुराम पुड़ो ने पुलिस को बताया कि 5 नवंबर को मृतक मछली पकड़ने के लिए गुटाकसा नदी की ओर गया था। कुछ समय बाद उसका शव नदी में तैरता हुआ दिखा। नदी से बाहर निकाले तब तक उसका मौत हो चुका था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बाइक मांगी और लेकर हुआ फरार मलिक ने लिखाई रिपोर्ट

**कांकेर।** थाना भानुप्रतापपुर में एक मजदूर द्वारा मोटर सायकिल मांगकर ले जाने और वापस नहीं करने का मामला सामने आया है। मोटर सायकिल के मालिक ने विश्वासघात और बेईमानी का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर मामला दर्ज किया गया है। दुर्गुकोंदल थाना क्षेत्र के ग्राम डांगरा निवासी 29 वर्षीय चेतन निषाद पिता सुंदरू राम निषाद ने शिकायत में बताया कि वे वन विभाग के कोल्ड स्टोर, पूर्व भानुप्रतापपुर में मजदूरी का कार्य करते हैं और वहीं ठहरते भी हैं। उनके साथ ही सुरेन्द्रपुरी पिता दुर्गापुरी, निवासी नरेशपुर जिला सूरजपुर (छग) भी कोल्ड स्टोर में मशीन ऑपरेटर के रूप में काम करता था और वहीं रहता था।

---

सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन

# देश की एकता और अखंडता के लिए आमदी से गांधी चौक धमतरी तक निकली पदयात्रा

- यह देश की एकता और विकास का प्रतीक है : टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर नगर पंचायत आमदी में शनिवार को यूनिटी मार्च (पदयात्रा) का आयोजन हुआ। यह पदयात्रा आमदी से प्रारंभ होकर पोटियाडीह, मुजगहन, रत्नाबांधा, छत्रपति शिवाजी चौक, शास्त्री चौक होते हुए गांधी चौक में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व एवं जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक अजय चंद्राकर, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, प्रीतेश गांधी सह कार्यालय प्रभारी भाजपा, जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

पदयात्रा के दौरान मार्ग में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया तथा नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से एकता, सद्भाव और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया गया। प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित यूनिटी मार्च देश की एकता, अखंडता और विकास का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना ही इसका



उद्देश्य है।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया। उनके आदर्श आज भी हमें प्रेरित करते हैं।

विधायक अजय चंद्राकर ने युवाओं से सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में रन फॉर यूनिटी का संकल्प लिया गया। नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई और राज्य स्तरीय लॉन टेनिस विजेताओं को सम्मानित किया गया। गांधी चौक पर जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का प्रण दोहराया।

---

## सर्व धर्म प्रार्थना सभा एवं वंदेमातरम गायन समारोह में शामिल हुए जिले के स्काउट गाइड



- इंडोर स्टेडियम रायपुर में हुआ वंदेमातरम गीत का 150वां स्मरणोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्कूल शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में 7 नवंबर को भारत स्काउट गाइड का 75 वां स्थापना दिवस एवं वंदेमातरम गीत के 150वें स्मरणोत्सव के अवसर पर इंडोर स्टेडियम रायपुर में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं वंदेमातरम गीत का आयोजन किया गया जिसमें धमतरी ब्लाक से 100 स्काउट गाइड तथा 20 स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन एवं पदाधिकारी सम्मिलित हुए। मगरलोड ब्लाक से कुल 60 स्काउट गाइड , कुरुद से 35 व 4 प्रभारी नगरी ब्लाक से 60 स्काउट गाइड प्रभारी एवं पदाधिकारी सम्मिलित हुए। जिले से कुल 350 स्काउट, गाइड, रोवर, रेजर, स्काउटर, गाइडर, पदाधिकारी गए।

डीईओ अभय जायसवाल, जिला अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू के नेतृत्व में पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष कृष्णाराम साहू, उपाध्यक्ष डोलेश्वरी साहू, ब्लाक सचिव सोहन लाल साहू, डीओसी नेमलाल गंगेले, प्रभारी डा. कमलेश तिवारी, डूवेंद्र मंडावी, भूपेन्द्र सोनी, संजय साहू, नगरी ब्लाक सचिव दूधेश्वर साहू, हेमंत जांगड़े, जीवन लाल साहू, मोहिनी, पूजा साहू, वेणु ध्रुव, आरती शिंदे सम्मिलित हुए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर चौधरी, स्त्रोत समन्वयक ललित सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया।

---

## शिक्षक-कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों का मनोनयन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- सर्वसम्मति से एससी क्रिस्टी अध्यक्ष बनाए गए

शासकीय अनुदान प्राप्त शिक्षक एवं कर्मचारी संगठन की जिला इकाई की बैठक नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में आयोजित की गई। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष हेमंत सिंह ठाकुर और कोषाध्यक्ष जीपी द्विवेदी के सेवानिवृत्त होने के बाद संगठन में नए नेतृत्व का चुनाव किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से एससी क्रिस्टी को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष पद पर मिशन स्कूल धमतरी की श्रीमती श्रद्धा गुप्ता का चयन हुआ, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर शेख रमजानी को मनोनीत किया गया। सहसचिव पद पर सौरभ रणसिंह और सचिव पद पर प्रकाश पवार को नामित किया गया। संगठन के संरक्षक के रूप में निवर्तमान अध्यक्ष हेमंत सिंह ठाकुर को सम्मानित किया गया। बैठक में जिले भर के शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। शिक्षकों ने संगठन के उद्देश्यों को और मजबूत करने तथा शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाने के लिए सुझाव प्रस्तुत किए।

---

## जिले की 222 ग्राम पंचायतें हुईं बाल विवाह मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत जिला धमतरी को बाल विवाह मुक्त करने कम्पोजिट बिल्डिंग में महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएसपी एस. करणदीप ध्रुव ने किया। अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का ने की। विशेष अतिथि टुमन डडसेना, टीआई थाना केरेगांव तथा परियोजना अधिकारी सुमित गंडेचा, श्रीमती सरिता कुशवाहा, श्रीमती उषाकिरण चन्द्राकर, सोमेन्द्र साहू थे।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक ने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी बाल विवाह की श्रेणी में आता है। बाल विवाह करने वाले पुरुष सहित बाल विवाह को प्रोत्साहन देने वाले व अनुष्ठान करने वाले पुरोहित एवं बाल विवाह में सम्मिलित होने वाले भी अपराधी की श्रेणी में आयेंगे जिन्हें 2 साल की सजा एवं 1 लाख रूपये जुर्माना दिये जाने का प्रावधान है। परियोजना अधिकारी सुमित गंडेचा ने बताया कि पंडित जी, टेंटवाले, कार्ड छापने, हलवाई, ज्वेलरी, मितानिन, कोटवार सभी की जवाबदारी हो जाती है कि वे लोगों को जागरूक करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का ने कहा कि आयु के संबंध में सबसे पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पंजीयन किया जाता है। ग्राम में हो रहे बाल विवाह की जानकारी होने पर समय से पहले रोका जा सकता है। डीएसपी एस. करण दीप ध्रुव ने कहा कि बाल विवाह को रोकना नाबालिक बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, और अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। बाल विवाह होने पर पुरूष पर पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अपराध दर्ज होता है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी महेश मरकाम ने बताया कि धमतरी की 370 ग्राम पंचायतों में से 222 ग्राम पंचायतों से बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत किये जाने के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। 31 मार्च 2026 तक धमतरी पूर्णरूप से बाल विवाह मुक्त जिला घोषित हो जायेगा। कार्यक्रम में लक्ष्मी सोनी, रूबी कुर्रे, मनोज साहू, नेहा देवांगन, विजय मिश्रा, प्रधान विष्णु ध्रुव, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी प्रमोद अमृत समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संरक्षण अधिकारी यशवंत बैस द्वारा किया गया।

---

## खो-खो में सोरम स्कूल के सात खिलाड़ियों का चयन



- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 8 से 11 नवंबर तक बालोद में होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आगामी राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता (14 वर्ष बालक-बालिका वर्ग) के लिए सोरम स्कूल के सात खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 8 से 11 नवंबर तक बालोद में होगी।

शासकीय माध्यमिक शाला सोरम से छह खिलाड़ी हितल कुंजाम पिता मनोहर कुंजाम, कविता यादव पिता रवि यादव, इशिका नेताम पिता पूनाराम नेताम, पूजा पिता संतुराम, रेशमा यादव पिता कालीचरण यादव एवं आदित्य साहू पिता राजेंद्र साहू व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम से तोषण ध्रुव पिता अजय ध्रुव का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया है।

खिलाड़ियों के इस चयन पर प्राचार्य जेआर साहू सहित शिक्षकों पूर्णिमा वारदे, अंजु लिखी, वीपी. साहू, गुलेश्वरी देवांगन, सरिता शर्मा, दानेश्वरी सिन्हा, मनोरमा खरया, छाया श्रीवास्तव, नलिनी मिश्रा, सरस्वती ध्रुव, सुचित्रा पांडे, महेश्वरी साहू, प्रहलाद साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

---

## वंदे मातरम केवल गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण, साहस का प्रतीक है : मिश्रा

- वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर जिले में सामूहिक गायन, रचनात्मक प्रस्तुति हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रेरणादायी उद्बोधन हुआ। प्रातः 10 बजे दूरदर्शन के माध्यम से प्रधानमंत्री का संबोधन देशभर के शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं जनप्रतिनिधि संस्थाओं में प्रसारित किया गया। उपस्थित लोगों एवं विद्यार्थियों द्वारा एक साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया, जिससे देशभक्ति और एकता का संदेश गूंज उठा।

जिला स्तरीय कार्यक्रम जिले के विकासखंड कुरूद स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सम्बलपुर में हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जनप्रतिनिधि श्रीमती शशि पवार, उपाध्यक्ष जिला पंचायत गौकरण साहू, सभापति जिला पंचायत मोनिका देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम थीम पर बनाई गई आकर्षक चित्रकला और रंगोली प्रदर्शनी का अतिथियों ने अवलोकन किया तथा उनकी रचनात्मकता की सराहना की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने विद्यार्थियों को वंदे मातरम गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और इसके रचयिता महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के योगदान से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति समर्पण, साहस और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने इतिहास, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली अध्यायों से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि धमतरी जिले ने स्वतंत्रता संग्राम में अमूल्य योगदान दिया है। हमारे जिले के वीर सपूतों बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव, पंडित नारायणराव मेघावाले, नाथू जगतपाल एवं नत्थूजी जगताप जैसे सेनानियों ने देश की आज़ादी के लिए जो त्याग किया, वह आज भी प्रेरणास्त्रोत है। श्रीमती शशि पवार एवं गौकरण साहू ने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व एवं नई शिक्षा नीति के अंतर्गत राष्ट्रीय मूल्यों के संवर्धन पर अपने विचार साझा किए।

---

# बच्चों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा जगाएगी विज्ञान वाटिका : सांसद रूपकुमारी





- गंगरेल के बरूवा गार्डन में विज्ञान वाटिका का लोकार्पण, विज्ञान को किताबों से बाहर लाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में एक अभिनव पहल के रूप में गंगरेल स्थित बरूवा गार्डन में विज्ञान वाटिका (साइंस पार्क) का लोकार्पण लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इसके साथ ही यह पार्क आमजन के लिए खुल गया है।

सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि यह विज्ञान वाटिका बच्चों के लिए ज्ञानार्जन का केंद्र बनेगी और भविष्य के वैज्ञानिकों को प्रेरणा देगी। उन्होंने जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए जिला प्रशासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पार्क शैक्षणिक भ्रमण, अध्ययन यात्राओं और व्यवहारिक शिक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। यहां विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विद्यार्थी प्रत्यक्ष अनुभव से विज्ञान की जटिल अवधारणाओं को सरल और मनोरंजक ढंग से समझ सकेंगे।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि गंगरेल पहले से ही एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां साइंस पार्क के रूप में शिक्षा और पर्यटन का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पार्क विद्यार्थियों और आम नागरिकों दोनों के लिए प्रेरणादायक स्थल बनेगा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि लगभग 10,000 वर्गफीट क्षेत्र में विकसित इस साइंस पार्क में 28 आउटडोर और 40 इनडोर वैज्ञानिक उपकरण लगाए गए हैं। स्वचालित और इंटरैक्टिव उपकरणों के माध्यम से विद्यार्थी विज्ञान को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव कर सकेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू अध्यक्ष जपं धमतरी श्रीमती अंगीरा ध्रुव, उपाध्यक्ष जिपं गौकरण साहू, सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन, जनप्रतिनिधि, पंच-सरपंच, जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### साइंस पार्क की मुख्य विशेषताएं

- **ओपन-एयर प्रदर्शनी :** गुरुत्वाकर्षण, प्रकाश, ध्वनि, ऊर्जा परिवर्तन, लीवर, पुली जैसे वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित मॉडल खुले वातावरण में स्थापित।
- **इंटरैक्टिव उपकरण:** विद्यार्थी इन्हें छूकर, घुमाकर या प्रयोग करके विज्ञान की मूल अवधारणाओं को अनुभव कर सकते हैं।
- **पर्यावरण अनुकूल वातावरण :** हरियाली से घिरे इस उद्यान में विद्यार्थी खेल-खेल में सीखने का आनंद ले सकेंगे।
- **विशेष आकर्षण :** प्रसिद्ध वैज्ञानिकों की प्रतिमाएं, कृत्रिम उपग्रह का चलित मॉडल, तरंग गति, कंकाल तंत्र, अनंत पथ, ब्लैक होल प्रदर्शन, मानव नेत्र की कार्यप्रणाली और रंगों का मिश्रण जैसे विषयों पर आधारित मॉडल यहां स्थापित है।

---

## वंदेमातरम स्कूल में रोजाना होता है राष्ट्रगीत का गायन





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वंदे मातरम विद्यालय में मां भारती के शौर्य को नमन करते हुए प्रतिदिन ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, हमारी संस्कृति एवं स्वदेश के प्रति प्रेम को समर्पित विजय गीत एवं प्रार्थनाएं और राष्ट्रगीत वंदेमातरम का गायन किया जाता है। यहां विद्यार्थी परस्पर एवं शिक्षकों को भी वंदेमातरम से ही अभिवादन करते हैं।

मातृभूमि के प्रति अनन्य भक्ति एवं अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा जगाना वंदे मातरम विद्यालय की प्राथमिकता रही है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को स्वदेश स्वधर्म एवं मां भारती का अनन्य सेवक बनाने विद्यालय सदैव प्रयत्नरत रहता है। आज वंदे मातरम के साथ मां भारती की जयघोष करके विद्यार्थियों ने अपने कर्तव्य पथ पर हमेशा अडिग रहने की प्रतिज्ञा ली है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 3 दिन के भीतर सड़कों की रिपेयरिंग शुरू नहीं हुई तो होगी कार्रवाई

**धमतरी।** बारिश की वजह से धमतरी की सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।



■ महापौर रामू रोहरा ने अधिकारी - कर्मचारियों को चेताया

सबसे ज्यादा स्थिति खराब सिहावा रोड की है। सिहावा चौक से लेकर नहर नाका चौक तक लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली से पहले महापौर रामू रोहरा ने बैठक लेकर अधिकारियों को स्पष्ट कहा था कि 15 अक्टूबर से इसका काम शुरू हो जाना चाहिए। चूंकि बीच-बीच में बारिश होती रही इस वजह से देरी हुई लेकिन अब तक गड्ढों की रिपेयरिंग शुरू नहीं हुई है। व्यापारियों ने और जनता ने महापौर को इससे अवगत कराया। महापौर रामू रोहरा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 3 दिन के अंदर सड़कों की रिपेयरिंग शुरु नहीं हुई तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उम्मीद की जा रही है कि इस अल्टीमेटम के बाद अब रिपेयरिंग शुरू हो जाएगी और जनता को इससे बड़ी राहत मिल सकेगी।

### 60 मिडिल स्कूल को मिनीकिट दिया गया

**कुरूद।** बच्चों में शारीरिक फिटनेस विकसित करने, जीवन कौशल का निर्माण, छात्रों का स्वास्थ्य उन्नत करने के उद्देश्य से ग्रासरूट स्पोर्ट कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा जिले के चयनित 60 मिडिल स्कूल को मुख्य अतिथि ललित सिन्हा के हाथों से स्पोर्ट किट वितरण किया गया। कार्यक्रम में चयनित स्कूलों के शिक्षक एवं शिक्षिकायें उपस्थित रहे। इस दौरान प्रोग्राम हेड श्रीमती अनिता गांगुरडे और स्टेट हेड विद्यासागर चौहान ने सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को खेल गतिविधियों को अपने स्कूलों में सुचारू रूप से संचालित करने के लिए निवेदन किया।

#### जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने सिटी कोतवाली में की शिकायत

# छत्तीसगढ़ महतारी और छत्तीसगढ़ियों का अपमान करने वालों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर छत्तीसगढ़ महतारी और छत्तीसगढ़िया समाज के प्रति की गई अशोभनीय टिप्पणियों को लेकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है। पार्टी ने शनिवार को सिटी कोतवाली थाना धमतरी में एक के बाद एक कई लिखित शिकायतें सौंपते हुए दोषियों के विरुद्ध एफआई दर्ज करने और शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

पार्टी की पहली शिकायत में दीपक नामक व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है कि उसने इंस्टाग्राम पर छत्तीसगढ़ महतारी को लेकर अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस पोस्ट से समूचे छत्तीसगढ़िया समाज में आक्रोश फैल गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन सड़क पर उतरकर आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा।



#### फेसबुक पर संगठन प्रमुख को गालियां

दूसरी शिकायत में रायगढ़ निवासी आशीष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। आरोप है कि उसने फेसबुक पर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल को गालियां दीं और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पार्टी के सदस्यों ने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत अपमान नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता और संस्कृति का अपमान है। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर पुलिस ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

#### भड़काऊ वीडियो से बढ़ा विवाद

तीसरी बड़ी शिकायत में विनोद नामक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर एक 9 मिनट का वीडियो जारी किया, जिसमें छत्तीसगढ़ के लोगों को लेकर भड़काऊ, अपमानजनक और नफरत फैलाने वाले बयान दिए गए। वीडियो में कथित रूप से कहा कि छत्तीसगढ़िया फोकट में मिले चावल खाकर शराब पीते हैं। पार्टी ने कहा कि ऐसे व्यक्तियों से न केवल सामाजिक सद्भाव बिगड़ता है, बल्कि यह कानूनी रूप से घृणा फैलाने और धमकी देने के दायरे में आता है।

#### पुलिस को सौंपी लिखित शिकायतें

इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी यशवंत देवान, प्रेमुराम सिन्हा, निहाल यादव, रामाधीन ध्रुव, गैंदलाल सिन्हा, मोहित यादव समेत कई सदस्य उपस्थित रहे। पार्टी ने थाने में तीन अलग-अलग शिकायतें सौंपकर मांग की कि पुलिस संबंधित व्यक्तियों पर आईटी एक्ट और भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई करे।

#### संगठन ने दी चेतावनी

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश प्रमुख अमित बघेल ने कहा कि हमारी महतारी, हमारी संस्कृति और हमारे समाज का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रशासन से अपेक्षा है कि दोषियों पर शीघ्र कानूनी कार्रवाई करे अन्यथा संगठन सड़क पर उतरकर जन आंदोलन करेगा।

## समिति कर्मचारी आर-पार की लड़ाई के मूड में



■ आंदोलन छठवें दिन भी जारी, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी(धमतरी)





प्रदेश संगठन के संयुक्त दोनों संगठन के तत्वाधान में चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के सभी संभागों में अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी है। रायपुर जिला में तुता धरना स्थल पर आंदोलन हेतु स्वीकृति नहीं मिलने के कारण रायपुर संभाग का अनिश्चितकालीन आंदोलन महासमुंद लोहिया चौक पर किया जा रहा है। इसमें धमतरी जिले की 74 सहकारी समितियों के लगभग 600 दैनिक, संविदा, नियमित कर्मचारी आंदोलन पर डटे हुए हैं। इससे राशन दुकान, धान खरीदी तैयारी, माइक्रो एटीएम, रबी बीज वितरण कार्य बंद पड़े हैं। प्रदेश संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू एवं ऋषिकांत मोहरे प्रदेश के सभी संभागों का दौरा कर कर्मचारियों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने उनकी मांगों पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया है। ऐसी स्थिति बनी रही तो 15 नवंबर को धान खरीदी प्रारंभ होना संभव नहीं है जब तक छग सरकार चारों मांगों पर कैबिनेट की बैठक में मुहर नहीं लगाएगी तब तक वे आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे।

## विज्ञान नाटिका में पीएमश्री बठेना स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ जिला व राष्ट्रीय स्तर पर हुए चयनित

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली प्रतिवर्ष बच्चों के लिए राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी आयोजित करती है जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में पीएमश्री एमआरडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला स्तर के लिए विज्ञान नाटिका में कक्षा दसवीं की जागृति देवांगन, रेशमा साहू, रूचि ध्रुव, धारिणी सोनवानी, काजल सिन्हा, तरूण ध्रुवंशी, चन्द्रकांत ध्रुव, कृष साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अपशिष्ट प्रबंधन में कक्षा बारहवीं गणित के छात्र विवेक सोनी प्रथम एवं ग्रीन ऊर्जा विषय पर ग्यारहवीं की छात्रा अर्पिता पाण्डेय प्रथम रही। विज्ञान सेमिनार में दसवीं की छात्रा गौरी बाण्डे द्वितीय व विज्ञान प्रोजेक्ट में दसवीं की छात्रा छाया सिन्हा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



जोन स्तर के लिए मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर बारहवीं के छात्र विवेक सोनी प्रथम व ग्रीन ऊर्जा विषय में ग्यारहवीं की अर्पिता पाण्डेय द्वितीय रही। राष्ट्रीय स्तर की मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर विवेक सोनी प्रथम रहे। शिक्षक गोपाल साहू के मार्गदर्शन में छात्र जिला, जोन व राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे। छात्रों की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू ने हर्ष जताया है।

## 24 घंटे के भीतर निलंबित शिक्षक को बहाल करने की मांग

### शिक्षक संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन, डीईओ ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शिक्षा जगत में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। विकासखंड कुरुद के शासकीय प्राथमिक शाला नारी के शिक्षक ढालूराम साहू के निलंबन से जिलेभर के शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शिक्षक ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस में विद्यालय में पाठ्यपुस्तकों की कमी को लेकर सवाल उठाते हुए कहा था कि जब तक छात्र-छात्राओं को पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो जातीं, तब तक राज्योत्सव मनाना उचित नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी लिखा कि जब तक पुस्तकों की आपूर्ति नहीं होती, तब तक उच्च अधिकारियों का वेतन रोका जाना चाहिए।

इस टिप्पणी को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी द्वारा बिना



पक्ष जाने सीधे निलंबन की कार्रवाई की गई।

इस निर्णय से शिक्षक संघ, समग्र शिक्षक फेडरेशन और संयुक्त शिक्षक संघ सहित सभी संगठनों में भारी नाराजगी देखी गई। निलंबन के विरोध में बड़ी संख्या में शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और निःशर्त बहाली की मांग की। उस समय जिला कार्यालय में राज्यस्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस चल रही थी, लेकिन शिक्षकों ने धैर्यपूर्वक कार्यालय परिसर में डटे रहकर अपना विरोध दर्ज कराया।

कॉन्फ्रेंस समाप्त होने के बाद संगठन के पदाधिकारियों दौलत ध्रुव अध्यक्ष, सहायक शिक्षक संघ और अमित महोबे अध्यक्ष संयुक्त शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी श्री जायसवाल से भेंट की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर ढालूराम साहू की निःशर्त बहाली नहीं की गई तथा शिकायत शाखा के कर्मचारी का तबादला नहीं हुआ, तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने शीघ्र बहाली का आश्वासन दिया, जिसके बाद शिक्षकों ने अस्थायी रूप से अपना विरोध समाप्त किया।

शिक्षक संगठनों का कहना है कि वास्तविक समस्याओं को उजागर करना अपराध नहीं है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को सशक्त करने का प्रयास है। निलंबन जैसी कार्रवाई शिक्षकों के मनोबल को गिराती है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि भविष्य में शिक्षक की आवाज़ को दबाने की बजाय समाधान पर ध्यान दिया जाए।

विरोध प्रदर्शन में लुकेश साहू, हरीश सिन्हा, आलोक मीनपाल, तेजलाल साहू, शंकरदास मानिकपुरी, परमेश्वर साहू, दीपक सहारे, सूरज कंवर, दुष्यंत सिन्हा, नोहर साहू, वेदप्रकाश साहू, हुमन चंद्राकर, रुपेश सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, शेषनारायण गजेंद्र, प्रकाशचंद कुंजाम सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

## रासेयो समाज सेवा, अनुशासन की सीख देती है : वीरेंद्र



■ ग्राम पंचायत बिरझुली में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन ग्राम पंचायत बिरझुली में हुआ। मुख्य अतिथि वीरेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में समाज सेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी का निर्माण करती है। युवा ही देश का भविष्य है और यह शिविर उन्हें सही दिशा देता है। विशिष्ट अतिथि टीकाराम कंवर ने स्वयंसेवकों के समर्पण और मेहनत की सराहना की। महाविद्यालय के प्राचार्य रविश दास ने कहा कि सात दिवसीय शिविर केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन के सात महत्वपूर्ण पाठ हैं, जो युवाओं को सेवा, सहयोग और राष्ट्र निर्माण की ओर प्रेरित करते हैं। अति विशिष्ट अतिथि खिलेश साहू जनपद उपाध्यक्ष और पुष्पलता रामायण सिन्हा, सरपंच ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्वयंसेवकों ने लोकगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वच्छता, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और ग्राम विकास का संदेश दिया। सातों दिन कार्यक्रम अधिकारी पीताम्बर सिन्हा के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, स्वास्थ्य शिविर, महिला जागरूकता परिचर्चा, जनसंपर्क और ग्राम सेवा कार्य हुए।

## जब नारी सशक्त होती है, तो समाज समृद्ध होता है : मोनिका



■ संबलपुर क्लस्टर में महिलाओं के लिए आयोजित हुआ आजीविका मिशन सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

संबलपुर क्लस्टर में महिलाओं के लिए आजीविका मिशन सम्मेलन रखा गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास समिति जिपं की सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन थीं।

अपने उद्बोधन में श्रीमती देवांगन ने कहा कि आजीविका मिशन केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान और आत्मविश्वास के पुनर्स्थापना का अभियान है। अब गांवों की महिलाएं सिलाई-बुनाई, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि-आधारित उद्योग और पशुपालन जैसे कार्यों से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। संबलपुर क्लस्टर की बहनें आज आत्मनिर्भर भारत की सशक्त तस्वीर हैं। जब नारी आगे बढ़ती है तो पूरा समाज समृद्धि की ओर बढ़ता है।

उन्होंने महिलाओं को स्थानीय संसाधनों का सदुपयोग कर स्थायी आजीविका मॉडल तैयार करने की सलाह दी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, भोथली मंडल भाजपा महामंत्री आनंद स्वरूप मेश्राम ने महिला समूहों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की और कहा कि संबलपुर की पहल जिले के अन्य क्लस्टरों के लिए प्रेरणा स्रोत है। सम्मेलन के दौरान उत्पाद प्रदर्शनी, अनुभव साझा सत्र और सामूहिक संकल्प कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें महिला उद्यमियों ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानियां साझा कीं।

## जिले में बुनियादी ढांचे को मिलेगी नई दिशा

■ तीन सड़कों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 6.73 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राज्य शासन द्वारा धमतरी जिले को सड़क विकास की दिशा में एक और बड़ी सौगात प्रदान की गई है। जिले के तीन प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्यों के लिए शासन ने विगत माह कुल 6.73 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह स्वीकृति न केवल सड़क नेटवर्क के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण और दीर्घकालिक टिकाऊपन की दिशा में भी एक सशक्त पहल है।

पोटियाडीह से खरतुली मार्ग (1 किमी) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 1.48 करोड़, नारी से गोजी मार्ग (2 किमी, पुल-पुलिया सहित) के निर्माण के लिए 3.74 करोड़ तथा सिविल लाइन कॉलोनी पहुंच मार्ग (0.90 किमी) के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण के लिए 1.50 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीण अंचलों के लोगों की आवाजाही सुगम होगी, वहीं शहरी क्षेत्रों में यातायात का दबाव घटेगा।

कलेक्टर अबिनाश ने कहा कि शासन की प्राथमिकता आम जनता को बेहतर सड़क सुविधाएं उपलब्ध कराना है। धमतरी जिले में सड़क नेटवर्क को लगातार मजबूत और आधुनिक बनाया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण निर्माण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा में उच्चस्तरीय गुणवत्ता मानकों के साथ कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

## राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण, बाजार कुर्रीडीह में हुए विविध कार्यक्रम



**धमतरी।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में विविध कार्यक्रम हुए। वर्ष भर चलने वाले इस देशव्यापी कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह का प्रसारण शाला परिवार ने देखा और सुना। सभी ने मिलकर राष्ट्रगीत का गायन किया और वंदे मातरम के नारे लगाए। व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने बताया कि विद्यार्थियों को इस गीत के रचनाकार, इस गीत के इतिहास और जनमानस तक पहुंचने वाली इस गीत की लोकप्रियता को बताया गया। इस दौरान निबंध, चित्रकला, रंगोली, वाद विवाद व क्विज प्रतियोगिता हुई। उन्हें प्रथम, द्वितीय तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। निबंध में भूमिका प्रथम और ओमेश्वरी द्वितीय रही। रंगोली में प्रथम भुनेश्वरी व साथी, द्वितीय गायत्री और डेविड व तृतीय लक्ष्मी व साथी रहे। चित्रकला में गायत्री प्रथम, यंशु द्वितीय व पल्लवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद में भूमिका प्रथम व ओमेश्वरी द्वितीय रही। क्विज में झरना प्रथम व गुंजा द्वितीय रही। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव, चुम्मन साहू, कमलेश निषाद, एसके नेताम, भावना रामटेके, भागीरथी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नपं आमदी में सरकारी मंच पर राजनीति का आरोप, प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पंचायत आमदी में आयोजित यूनिटी मार्च एवं आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि यह सरकारी आयोजन भाजपा के इशारे पर राजनीतिक मंच में बदल दिया गया। उनके अनुसार जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन करते हुए कार्यक्रम को पक्षपातपूर्ण ढंग से संचालित किया।

जनप्रतिनिधियों का कहना है कि कार्यक्रम के पोस्टर और मंच से स्थानीय विधायक एवं कांग्रेस प्रतिनिधियों की तस्वीरें जानबूझकर हटाई गईं, जिससे प्रशासन की मंशा पर सवाल उठते हैं। नगर पंचायत आमदी के नेता प्रतिपक्ष ऋषभ ठाकुर, पार्षद चितेंद्र साहू, ललिता पटेल और पारसमणि साहू ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों को लोकतांत्रिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल का भलीभांति ज्ञान होना चाहिए।





श्री ठाकुर ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि प्रशासन भाजपा की भाषा बोलने लगा है। जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों की उपेक्षा कर, सरकारी कार्यक्रमों को एक राजनीतिक दल के प्रचार मंच में बदल देना लोकतंत्र का खुला अपमान है। सभी पार्षदों ने मांग की है कि शासन इस पूरे प्रकरण की जांच कर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करे।

### छात्रों को देशभक्ति के मार्ग पर चलने के लिए किया प्रेरित

**धमतरी।** 7 नवम्बर को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच गिरधर सार्वा तथा विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व व्याख्याता योगेश्वर साहू थे। छात्र-छात्राओं द्वारा वंदे मातरम समूहगान प्रस्तुत किया गया, जिसने वातावरण को देशभक्ति के भाव से भर दिया। इस अवसर पर निबंध लेखन, भाषण, प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता हुई।













